आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 04.02.2025 समय : 07.10pm

**मुख्य समाचार :–**

- राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री ने दिया जवाब, कहा अभिभाषण से विकसित भारत के प्रयासों को मिलेगा बल।
- प्रदेश मंत्रिमंडल की हुई बैठक, सेमी कंडक्टर और ड्रोन नीतियों को दी मंजूरी।
- मुख्यमंत्री ने हरदा के छिपानेर में कई विकास कार्यो की दी सौगात।
- नर्मदा जयंती पर प्रदेश के नर्मदा तटों पर कार्यक्रमों का आयोजन जारी।

**अब समाचार विस्तार से:–**

**प्रधानमंत्री-धन्यवाद प्रस्ताव**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि उनकी सरकार ने गरीब लोगों के कल्याण के लिए कई कदम उठाए हैं, जिसके परिणामस्वरूप 25 करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठे हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार की प्रतिबद्धता, समर्पण और कड़ी मेहनत के कारण ही संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि सरकार राजकोषीय विवेक का पालन करते हुए विकास के लिए काम कर रही है। प्रधानमंत्री आज लोकसभा में, संसद की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दे रहे थे।

राष्ट्रपति के अभिभाषण की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह प्रेरणादायक है, और इससे सरकार के विकसित भारत के प्रयासों को और बल मिला है।

**कैबिनेट बैठक**

भोपाल में हुई कैबिनेट बैठक में आज सेमीकंडक्टर और ड्रोन संवर्धन के लिए नीतियों को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही इंदौर में हुकुमचंद मिल की जमीन पर हाउसिंग बोर्ड द्वारा विकसित किए जाने को लेकर जमीन का हस्तांतरण करने का फैसला किया गया। कैबिनेट के निर्णयों के बारे में जानकारी देते हुए नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा देशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत 1 करोड़ आवास निर्माण की स्वीकृति दी गई है। जिसमें से 10 लाख आवास मध्यप्रदेश में बनाने का निर्णय लिया गया है।

**लोकसभा - पीएम फसल बीमा योजना**

केंद्र सरकार ने कहा है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों के एक लाख 72 हजार करोड़ रुपये से अधिक के दावों का निपटान किया जा चुका है। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लोकसभा में आज एक लिखित उत्तर में बताया कि योजना की शुरुआत

से लेकर पिछले वर्ष तक किसानों से प्रीमियम के रूप में लगभग 32 हजार करोड़ रुपए एकत्र किए गए हैं।

## मुख्यमंत्री स्कूटी योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में शासकीय स्कूलों के प्रतिभाशाली 7 हजार 900 बच्चों को निःशुल्क स्कूटी प्रदान करेंगे। प्रदेश में संचालित शासकीय हायर सेकण्डरी विद्यालयों में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी को निःशुल्क ई–स्कूटी प्रदान करने की योजना स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित की जा रही है। योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शासकीय विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्कूटी प्रदान की जाती है।

## मुख्यमंत्री हरदा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सरकार प्रदेश में सिंचाई के रकबे का तेजी से विस्तार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंचाई सुविधा के विस्तार के लिए एक लाख 75 हजार करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई है, इससे प्रदेश में केन-बेतवा और पार्वती-काली सिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाएं आरंभ होंगी। इन परियोजनाओं से एक करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लक्ष्य पूरा होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज हरदा जिले के छीपानेर में नर्मदा तट पर वेदगर्भा घाट के लोकार्पण अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश का सिंचाई रकबा 48 लाख हेक्टेयर से अधिक है, जिसमें से 40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में मां नर्मदा के जल से सिंचाई होती है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने हरदा जिले में एक नई आईटीआई संस्था स्वीकृत करने और गोंदागांव में सरकारी खर्चे पर गौशाला स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने 316 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी किया।

## विश्व कैंसर दिवस

आज विश्व कैंसर दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सही जानकारी, उचित समय पर जांच और इलाज से कैंसर जैसी बीमारी को परास्त किया जा सकता है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि कैंसर की सही समय में जाँच पर पूर्ण निदान सहजता से संभव है। रायसेन के सांची मार्ग पर स्थित जिला अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं को कैंसर की रोकथाम एवं कैंसर की स्क्रीनिंग के प्रति जागरूक किया गया। झाबुआ जिला चिकित्सालय में कैंसर रोगियों हेतु निशुल्क जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 24 मरीजों का परीक्षण हुआ।

**वेव्स- ट्रूथ टेल हैकाथॉन**

अंतर्राष्ट्रीय ऑडियो विजुअल और एंटरटेनमेंट सम्मेलन-वेव्स 2025, लाइव प्रसारण में गलत सूचनाओं से निपटने के लिए, एआई-संचालित समाधान पेश करेगा। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा है कि **ट्रूथ टेल हैकाथॉन चैलेंज** प्रथम वेव्स सम्मेलन का हिस्सा है और यह लाइव प्रसारण में गलत जानकारी से निपटने के लिए एआई-संचालित समाधान विकसित करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण पहल है। इस हैकाथॉन में दस लाख रूपये का पुरस्कार रखा गया है। हैकाथॉन के लिए अब तक पांच हजार 600 से अधिक पंजीकरण हुए हैं।

**नर्मदा जयंती**

आज नर्मदा जयंती है। इस अवसर पर प्रदेश के सभी प्रमुख नर्मदा घाटों और शहरों में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नर्मदापुरम में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। **देवास जिले के** नेमावर में सुबह से ही नागर घाट और सिद्धेश्वर घाट पर श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। यहां भक्तों ने मां नर्मदा को चुनरी अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। जिले के धाराजी में भी मां नर्मदा का दुग्धाभिषेक किया गया। नेमावर में संस्कृति विभाग द्वारा ''निर्झरणी महोत्सव" का आयोजन किया जा रहा है। बड़वानी में मां नर्मदा का आंचल आज सैकड़ों दीपों से जगमगा उठा। रोहिणी तीर्थ राजघाट सहित पूरे जिले में नर्मदा तटों पर दिनभर धार्मिक आयोजन हुए।

**दिल्ली-मतदाता पर्ची**

दिल्ली विधानसभा के लिए कल मतदान होना है। 70 सीटों पर हो रहे मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली सरकार के अधीन सभी सरकारी कार्यालयों, स्थानीय निकायो, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कल मतदान के लिए अवकाश की अधिसूचना जारी की गई है।

**समाचार संक्षेप में .....**

- श्योपुर जिले के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में आज मादा चीता वीरा ने दो शावकों को जन्म दिया है। अब कूनो में चीतों की संख्या 26 हो गई है, जिसमें 14 शावक और 12 वयस्क चीते शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से यह जानकारी साझा की है।
- धार में आज भोज महोत्सव के दूसरे दिन भोजशाला में मातृशक्ति सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाए उपस्थित रही । इस दौरान अखंड ज्योति मंदिर से मां वाग्देवी के तेल चित्र के साथ शोभायात्रा निकाल कर कर भोज शाला के गर्भगृह में स्थापित किया गया।
- माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल की 25 और 27 फरवरी से प्रारंभ होने वाली हाईस्कूल और हायर सकेण्ड्री की परीक्षाओं के लिए **मुरैना** जिले में 72 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं।
- शिवपुरी जिले में पुलिस प्रशासन द्वारा सभी थानों के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर साइबर फ्रॉड के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है।

- सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में 11 फरवरी को युवा संगम के तहत आयोजित जिला स्तरीय रोजगार–स्वरोजगार मेले में लगभग 2836 पदों पर युवक युवतियों की भर्ती की जाएगी।